(67)

**जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज–2 एवं फेज–3 (जनपद अमरोहा) के अन्तर्गत जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में दिनांक 08–04–2025 को आयोजित समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक **08.04.2025** को जिलाधिकारी महोदया की अध्यक्षता में जनपद **अमरोहा** में जल जीवन मिशन फेज–2 एवं 3 के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा में उपस्थिति निम्नानुसार रही–

- मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा।
- इं0 चन्द्रहास अधिशासी अभियन्ता ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- इं0 नरेन्द्र कुमार, सहायक अभियन्ता, ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री शहरोज आरिफ, सहायक अभियन्ता (SWSM), ख0का0, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अमरोहा।
- श्री पंकज सिंन्हा, जी0एम, मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 (जेवी), मुरादाबाद।
- श्री सतेन्द्र यादव, वरिष्ट डी0पी0एम0 मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली।
- श्री फैजान, डी0पी0एम0 मै0 एल0सी0 इन्फा।
- श्री प्रभाकर सिंह डी0सी0 डी.पी.एम.यू0 अमरोहा।
- श्री मनोज धाकड़, डी0पी0एम टी.पी.आई अमरोहा।

**समीक्षा में स्थिति निम्नानुसार पाई गई–**

**1– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**मै0 पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल–जेवी, मुरादाबाद।**

- फर्म को आवंटित 312 नग राजस्व ग्राम, 187 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं तथा 187 नग के सापेक्ष 187 नग (312 राजस्व ग्राम) डी0पी0आर0 के कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 184 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 184 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 184 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 1326.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक दिनांक 21.03.2025 तक 1297 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 08.04.2025 तक 1297 कि0मी0 वितरण प्रणाली पूर्ण की गयी है। लगभग 18 दिवस में 00 कि0मी0 वितरण प्रणाली का कार्य किया गया है, जोकि अत्यन्त खेदजनक है। गत बैठक में लक्षित सभी पाइप लाइन को बिछाने का कार्य 31 मार्च 2025 तक करने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु वर्तमान तक अपने से सम्बन्धित सभी पेयजल योजनाओं में कार्य पूर्ण नहीं है। फर्म के जी0एम0 श्री पंकज सिंन्हा को निर्देशित किया गया कि 30 अप्रैल 2025 तक पाइप लाइन बिछाने के समस्त कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 90504 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 83056 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 83307 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 18 दिवस में 251नग गृह जल संयोजन किये गये हैं (औसतन 14 नग प्रतिदिन), जो अत्यन्त कम हैं। फर्म द्वारा आवश्वासन दिया गया कि जिन योजनाओं पर भूमि प्राप्त नहीं हुयी है, यदि उन पर भूमि प्राप्त हो जाती है तो 30 अप्रैल 2025 तक पेयजल कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। जिन योजनाओं पर ग्रामवासी कनेक्शन नहीं ले रहे हैं, अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जो ग्रामवासी कनेक्शन नहीं ले रहे हैं, उनसे कनेक्शन न लेने का सहमति पत्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 187 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 80 नग OHT के कार्य पूर्ण थे, वर्तमान में 80 नग OHT Complete व 102 नग पर कार्य प्रगति पर है। इस प्रकार 18 दिवस में 00 नग OHT पूर्ण किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन ओ.एच.टी. की प्रगति 75 प्रतिशत से 99 प्रतिशत है, उन सभी ओ.एच.टी. को 30 अप्रैल 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 179 नग पम्प हाउस पूर्ण थे, 04 नग पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर था। वर्तमान में 179 पम्प हाउस पूर्ण व 04 पम्प हाउस पर कार्य प्रगति पर है। लगभग 18 दिवस में फर्म द्वारा 00 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण किया गया है। गत बैठक में तीव्र गति से कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था।

(88)

दिनांक 30 अप्रैल 2025 तक अवशेष पम्प हाउस के सभी कार्य पूर्ण करने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया।

- गत बैठक दिनांक 21.03.2025 तक 87 सोलर पैनल अधिष्ठापित का पूर्ण कर लिया गया था। वर्तमान तक 87 सोलर पैनल का कार्य ही पूर्ण है। फर्म को गत बैठक में समस्त कार्य माह मार्च 2025 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया था। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि सोलर पैनल के कार्यों में प्रगति बढ़ाते हुए सोलर पेनल के समस्त कार्य इस माह के अन्त तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

**2– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 2:–**

**मै0 एल0सी0 इन्फ्रा**

- फर्म को आवंटित 05 नग राजस्व ग्राम, 05 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं व SLSSC द्वारा स्वीकृत हो गयी हैं। सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 04 नलकूप का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।
- 31.00 कि0मी0 के सापेक्ष 28.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।
- 1990 नग के सापेक्ष 1430 नग पेयजल गृह संयोजन के कार्य किए गए हैं।
- 05 नग शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 04 पर कार्य प्रगति पर हैं।
- फर्म को 4 पेयजल योजनाओं के समस्त कार्यों को 30 अप्रैल 2025 तक पूर्ण करने एवं ग्राम सलारपुर खालसा पेयजल योजना के कार्य प्रारम्भ कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म के प्रतिनिधि श्री फैजान फारुकी को निर्देशित किया गया कि 30.04.2025 तक अपनी एक पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण करते हुये अपनी चार पेयजल योजनाओ में नियमित रूप से पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

**3– जल जीवन मिशन कार्यक्रम फेज 3:–**

**मै0 ओ.एम.आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) न्यू देहली :–**

- फर्म को आवंटित 567 नग राजस्व ग्राम, 303 नग DPR के सापेक्ष शत–प्रतिशत DPR SWSM को प्रेषित कर दी गई हैं एवं स्वीकृत हो गयी हैं तथा सभी योजनाओं हेतु त्रिपक्षीय अनुबन्ध व कवर एग्रीमेंट गठित किये जा चुके हैं।
- वर्तमान तक फर्म द्वारा 303 योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराते हुए 305 नलकूप के सापेक्ष 303 नलकूप बोरिंग पूर्ण कर लिए हैं, जिसमें 303 नग नलकूप Air compressor & OP Unit के माध्यम से Develop कर लिए गए हैं।
- कुल लक्षित 2486.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष गत बैठक तक 2446.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य पूर्ण कर लिए गए थे। दिनांक 08.04.2025 तक 2446.00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं। 18 दिवस में 00 कि0मी0 वितरण प्रणाली के कार्य किये गये हैं, जो अत्यन्त कम है। फर्म को निर्देशित किया गया कि माह अप्रैल 2025 तक सभी पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 148379 नग गृह संयोजन के कार्य किए गए थे। वर्तमान में 148386 गृह जल संयोजन किये गये हैं। लगभग 18 दिवस में 7 नग गृह जल संयोजन किये गये हैं फर्म को निर्देशित किया गया कि समस्त FHTC दिनांक 30-04-25 तक पूर्ण करायें।
- गत बैठक तक 134 नग शिरोपरि जलाशय के कार्य प्रगति पर एवं 108 नग अवर जलाशय पूर्ण थे। वर्तमान में 137 OHT पर कार्य प्रगति पर है, 110 नग OHT का कार्य पूर्ण किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो उन योजनाओं को 30 अप्रैल 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- गत बैठक तक 229 नग सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण था, वर्तमान में 229 पूर्ण हैं व 03 पर कार्य प्रगति पर है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा फर्म को निर्देशित किया गयाकि इस माह के अन्त तक अपनी सभी पेयजल योजनाओं में सोलर का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**सभी फर्मों एवं (TPI) & (DPMU) हेतु Common दिशा–निर्देश:–**

- श्री मनोज कुमार धाकड़, डी0पी0एम टी.पी.आई अमरोहा (मैसर्स आरवी एसोसिएटस (थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन यूनिट) मुरादाबाद) को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फेज 2 व फेज 3 में मै0 पी0एन0सी0–जेवी, मुरादाबाद, मै0 एल0सी0 इन्फ्रा एवं मै0 ओ.एम. आई.एल.–जे.डब्लू.आई.एल.(जे0वी0) नई दिल्ली आदि फर्मो द्वारा विभिन्न पेयजल योजनाओं के कराये जा रहे निर्माण कार्य मानक के अनुसार (asper norms) चेक करना सुनिश्चित करें एवं अधोहस्ताक्षरी को सड़क पुर्नस्थापन की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुये पेयजल योजना की सड़क पुर्नस्थपन की जीपीएस लोकेशन के फोटो उपलब्ध करायें। सभी पेयजल योजनाओ में ग्राम की सीमा के प्रारम्भ से अन्त तक पेयजलापूर्ति एवं गृह जल संयोजन में पेयजलापूर्ति का प्रेशर चैक कराना सुनिश्चित करें।
- श्री प्रभाकर सिंह, डी0सी डी0पी0एम0यू अमरोहा (मै0 मेधज प्रा0लि0 लखनऊ) को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि विवादित भूमि एवं ग्रामीणो द्वारा किये जा रहे विवाद को समाप्त कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के उपस्थित प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि आगामी ग्रीष्मऋतु को दृष्टिगत रखते हुए अपने से सम्बन्धित सभी पेयजल योजनाओं में पाइप लाइन बिछाकर 30.04.2025 तक सभी घरों में नियमित क्लोरीयुक्त पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- फर्म मै0 एस0पी0एम0एल0 के प्रतिनिधि श्री पंकज सिंन्हा द्वारा अवगत कराया कि वर्तमान में 07 पेयजल योजनाए पूर्ण एवं 30 पेयजल योजनाये बिना कैम्पस डबलपमैन्ट के सभी कार्य पूर्ण हो गये है जिसके फलस्वरूप अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि अधोहस्ताक्षरी को अपने से सम्बन्धित 100 प्रतिशत पूर्ण (कैम्पस डैवलपमेंट सहित), 90 प्रतिशत पूर्ण एवं 75 प्रतिशत पूर्ण, जिनमें नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति की जा रही है, की सूची 03 कार्य दिवस में देना सुनिश्चित करें एवं इस माह के अन्त तक अपनी 184 पेयजल योजनाओं में नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को निर्देशित किया गया कि 15 दिवस के बाद जल जीवन मिशन के कार्य की समीक्षा बैठक कराना सुनिश्चित करें।
- अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी फर्मो के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन से सम्बन्धित अपने से सम्बन्धित सभी कार्य पूर्ण कराने का वर्क प्लान, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) अमरोहा को देना सुनिश्चित करें। वर्क प्लान के आधार पर ही सप्ताहिक समीक्षा विभाग द्वारा की जाये एवं साप्ताहिक प्रगति से अवगत करायें।
- मै0 ओम इन्फ्रा के प्रतिनिधि श्री सतेन्द्र यादव वरिष्ट डी0पी0एम0 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम मकनपुर विकास खण्ड जोया पेयजल योयना के सड़क पुर्नस्थापन एवं गृह जल संयोजन का कार्य 01 सप्ताह मे पूर्ण कर नियमित रूप से क्लारीनयुक्त पेयजल आपूर्ति कराते हुये अवशेष कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जिन पेयजल योजनाओं में ग्रामीणो द्वारा गृह जल संयोजन नही लिया जा रहा है उन ग्रामीणो के रास्तों में इस माह के अन्त तक पाइप लाइन बिछाना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियों एवं डी.सी डी0पी.एम.यू अमरोहा को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक पेयजल योजना का गृह संयोजन का रिजिस्टर प्रत्येक योजना पर रखावाना सुनिश्चित करें।
- मै0 एल0सी0 इन्फा के प्रतिनिधि श्री फैजान फारूकी को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया कि इस माह के अन्त तक 01 पेयजल योजना पूर्ण कर ली जाये एवं 15 दिवस मे 04 पेयजल योजना पर नियमित रूप से क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।
- सभी फर्मो के प्रतिनिधियो को निर्देशित किया गया कि जिन पेयजल योजनाओ में विद्युत कनेक्शन होना है एवं विद्युत विभाग से सर्वे के उपरान्त प्राकलन प्राप्त हो गया है उन पेयजल योजनाओ का विद्युत संयोजन हेतु प्राकलन की धन राशि विद्युत विभाग को जमा कराना सुनिश्चित करें।

(64)

- सभी फर्मों के प्रतिनिधियो निर्देशित किया गया है कि जिन योजनाओं में सोलर पैनल का अधिष्ठापन हो गया है, उनमें नियमित रूपसे क्लोरीनयुक्त पेयजलापूर्ति करायी जाये। एव अवशेष सोलर पैनल अधिष्ठापन का कार्य इस माह के अन्त तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाये।
- सभी फर्मों के प्रतिनिधियों को अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि फर्म द्वारा जो सड़क पाइप लाइन बिछाने हेतु तोडी गयी है, उनको 30 अप्रैल 2025 तक प्रत्येक दशा में पुर्नस्थापित कर लिया जाये। यदि फर्म द्वारा उक्त तिथि तक सड़क पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है एव भविष्य में कोई दुर्घटना होती है एवं फर्म पर कोई कार्यवाही होती है तो उसके लिए सम्बन्धित फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।
- सभी फर्मों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, यदि उन ग्रामों में लीकेज होते हैं तो लीकेज को तुरन्त मरम्मत कराते हुए पेयजलापूर्ति करायें।
- सभी फर्मों को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं पर औसतन 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन सभी योजनाओं के कार्य प्राथमिकता के साथ सभी कार्य कैम्पस डवलप्मेन्ट सहित दिनांक 15 अप्रैल 2025 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

(अश्वनी कुमार मिश्र)
मुख्य विकास अधिकारी,
अमरोहा

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, अमरोहा

पत्रांक:– 1408 / JJM-Amroha. /71, दिनांक 16/04/25

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2– प्रबन्धक निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3– आयुक्त महोदय, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद।
4– जिलाधिकारी महोदया, अमरोहा।
5– अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मुरादाबाद।
6– अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) अमरोहा को इस निर्देश के साथ कि पी.एम, टी.पी.आई0 अमरोहा एवं डी0सी0 डीपीएमयू0 अमरोहा को उक्त कार्य पूर्ण कराने हेतु निर्देशित करें।
7– समस्त कार्यदायी ऐजेन्सियां (जल जीवन मिशन से सम्बन्धित) जनपद अमरोहा।

16/4/2025
मुख्य विकास अधिकारी,
अमरोहा